## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 553.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 12 अगस्त तक 553.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 0.9 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 523.6 मिली मीटर, पुसौर में 638.6, खरसिया में 527.3, सारंगढ़ में 588.1, बरमकेला में 491.1, घरघोड़ा में 539.8, तमनार में 461.9, लैलूंगा में 573.5 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 639.3 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### बेरोजगारों को ठगने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**कवर्धा (आरएनएस)।** वर्ष 2017,2018 में पुलिस भर्ती एवं विद्युत विभाग में कम्प्युटर आपरेटर, पटवारी कृषि विस्तार अधिकारी, इन्काम टेस्ट अधिकारी के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर बेरोजगार युवकों से लाखों रूपए की ठगी कर फरार होने वाले आरोपी को कबीरधाम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरधाम जिले के थाना सिटी कोतवाली में हुमलाल पटेल पिता सौखी राम पटेल ग्राम सिगांरपुर जंगल एवं अन्य 8 पीड़ितो ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी चिरागपाली पिता मनीराम पाली, मुस्ताक खान पिता खलील खान निवासी महाराजपुर एवं मास्टर माइंड त्रिलोक प्रताप सिंह पिता गैमुन सिंह कागजी जिला महासमुन्द द्वारा पढ़ें लिखे बेरोजागर युवको से सरकारी नौकारी लगाने के नाम पर लाखों रूपए ठग लिये है। पीड़ितों ने पुलिस को बताया था कि आरोपियों ने वर्ष 2017,2018 में पुलिस भर्ती,विद्युत विभाग में कम्युटर आपरेटर, पटवारी कृषि विस्तार अधिकारी , इन्काम टेस्ट अधिकारी का गुप्त भर्ती निकला है जिसमें मैं तुम्हें नौकरी दिलवा दूंगा कहकर सभी लोगों से 22,99000 रुपये की ठगी की थी। शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली कबीरधाम में अपराध कामांक 568/2021 धारा 420,34 भा.द.वी. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए कबीरधाम पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के द्वारा प्रकरण बेरोजगारों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का होने से स्वयं थाना प्रभारी एवं विवेचना अधिकारियों को समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश देकर विशेष टीम तैयार कर आरोपी के पता तलाश करने हेतु जिले के आसपास एवं छत्तीसगढ़ से बाहर टीम रवाना किया गया साथ ही जिले के साइबर सेल टीम को भी आरोपी के पता तलाश हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पी.आर.कुजूर, उप. पुलिस अधीक्षक अजाक बी.आर मण्डावी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक मुकेश सोम के कुशल नेतृत्व में आरोपियों का तलाश करने में सिटी कोतवाली पुलिस टीम को सफ्लता मिली। घटना दिनांक के बाद से पकड़े जाने के भय से लगातार आरोपी अपना रहने का ठिकाना बदल बदल कर पुलिस टीम को गुमराह कर रहा था परंतु पुलिस टीम की मुस्तैदी एवं सूझबूझ से फरार आरोपी मास्टर माइंड त्रिलोक प्रताप सिंह पिता गैमुन सिंह कागजी जिला महासमुंद को गिरफ्तर कर जिला कबीरधाम लाकर विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जुडिशल रिमांड पर भेजा गया है। मामलें के अन्य आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

# ग्रामीण विकास पर केन्द्रित योजनाओं का हो रहा निर्माण व क्रियान्वयन-उच्चा शिक्षामंत्री उमेश

» मंत्री पटेल ने खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में 50 लाख से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

» जोबी कालेज भवन निर्माण का किया शिलान्यास, वन महोत्सव में हुए शामिल



**रायगढ़ ।** उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क किया तथा 50 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने जोबी में स्वीकृत कालेज भवन का शिलान्यास भी किया तथा वनखंड काफरमार में आयोजित वनमहोत्सव में भी वे शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार गांव और गांव वासियों के विकास को ध्यान में रख के ही योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन कर रही है। सरकार ने भूमिहीन खेतिहर श्रमिकों के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ करने जा रही है। इससे खेतिहर मजदूरों को भी सहायता राशि मिलेगी। इससे प्रदेश के 10 लाख से अधिक ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जरूरत के अनुरूप अधोसंरचनात्मक विकास के लक्ष्यों को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस जनसम्पर्क का उद्देश्य लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझना है, ताकि उसके अनुसार कार्ययोजना बनाकर विकास कार्यों को और गति दी जा सके।

**जोबी में कालेज भवन का किया शिलान्यास -** उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने आज जोबी में नवीन कालेज भवन निर्माण का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासियों को नये कालेज भवन के लिए बधाई देते हुए कहा कि काफी लम्बे समय से कालेज के खुद की भवन की मांग की जा रही थी। जिसकी स्वीकृति के पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए आज शिलान्यास किया जा रहा है। जल्द ही यहां पर छात्रों को स्वयं का सर्वसुविधायुक्त भवन मिलेगा। इसके साथ ही पुसौर में भी कालेज भवन का निर्माण शुरू किया गया है।

**वन महोत्सव में शामिल हुए उच्च शिक्षामंत्री पटेल-** उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने झरियाडुगू नारंगी वनखंड काफरमार में वन विभाग द्वारा आयोजित वन महोत्सव में शामिल हुए। यहां उन्होंने आम का पौधा रोपा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन लगातार पर्यावरण संरक्षण के साथ वनांचल में रह रहे लोगों के आजीविका संवर्धन की दिशा में कार्य कर रही है। वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के आजीविका का प्रमुख साधन वनोपज है। शासन ने इसके समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। इसके साथ ही वनांचलों में निवास कर रहे ग्रामीणों को वन अधिकार पट्टे दिए जा रहे है। जिसे विभिन्न विभागीय योजनाओं से जोड़ते हुए आजीविका संवर्धन के साथ मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना से भी लिंक किया गया है। वन अधिकार पट्टाधारी अपनी जमीन पर पेड़ लगाते है तो उन्हें प्रति एकड़ 10 हजार की राशि दी जाएगी। ये सब योजनायें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस दौरान यहां वन विभाग द्वारा दो हेक्टेयर क्षेत्र में 1600 पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संतोषी राठिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत खरसिया मेहत्तर उरांव, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती ईश्वरी राठिया, श्रीमती जानकी राठिया, श्रीमती बैजन्ती राठिया, छेदूराम राठिया, सरपंच काफरमार रसपाल सिंह राठिया, सरपंच ग्राम पंचायत कुरू श्रीमती परमिला राठिया, रामदयाल राठिया, श्रीमती शंकुतला राठिया, सुखदेव डनसेना, अभय महंती, नेत्रानंद पटेल, मनोज गबेल, सुनील शर्मा, डीएफओ रायगढ़ डॉ.प्रणय मिश्र, एसडीएम खरसिया अभिषेक गुप्ता सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन व विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निगम परिवार ने दी पार्षद कमल को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि

» शोकसभा में शामिल हुए महापौर सभापति एवं जनप्रतिनिधियो समेत निगम कर्मी

**रायगढ़ (आरएनएस)।** नगर पालिक निगम वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद कमल पटेल के आकस्मिक निधन से स्तब्ध निगम परिवार ने उद्यान प्रांगण में शोकसभा कर श्रद्धांजलि अर्पित किया, जिसमे महापौर सभापति एम आई सी सदस्य पार्षदगण एल्डरमेन समेत अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर निगम के पूर्व एमआईसी सदस्य एवं स्वास्थ्य प्रभारी कांग्रेस के पार्षद कमल पटेल के आकस्मिक निधन पर निगम परिवार ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोकसभा का आयोजन किया और उच्चारण के साथ मौनधारण कर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी।

पार्षद कमल पटेल को चेस्ट निमोनिया इंफेक्शन के कारण रायपुर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था जहां वे आई सी यू में थे,पार्षद कमल पटेल हार्ट पेशेंट थे और विगत दिनों उनकी तबियत खराब चल रही थी , पिछले 31 जुलाई को वैक्सीन लगाने के बाद अचानक उनकी तबीयत खराब हुई जिसके बाद आईसीयू में भर्ती किए गए यहां प्राथमिक जांच में चेस्ट में इंफेक्शन तथा निमोनिया बताया गया। देर रात उनकी तबियत ज्यादा बिगड़ गई और उन्होंने अंतिम सांस ली।शोकसभा में महापौर जानकी काट्जू,सभापति जयंत ठेठवार,एम आई सी सदस्य प्रभात साहू,संजय देवांगन,विकास ठेठवार,रत्थु जायसवाल,लक्ष्मीन लखेश्वर मिरी,पार्षद सुभाष पांडेय, लक्ष्मीनारायण साहू,विनोद महेश,पिंकी विमल यादव,प्रभाती गौतम महापात्र,मुरारी भट्ट,श्यामलाल साहू, एल्डरमेन राजेन्द पांडेय,दयाराम धुर्वे,चंद्रशेखर चौधरी व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मोटरसायकल पर गांजा ला रहा युवक कंचनपुर बेरियर के पास गिरफ्तार, 10 किलो गांजा व बाइक जब्त

**रायगढ़।** ओड़िशा के सोनपुर जिले से गांजा की अवैध तस्करी को रोकने पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर थाना प्रभारी विवेक पाटले द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। सप्ताहभर के भीतर सरिया पुलिस की यह तीसरी एनडीपीए एक्ट की कार्रवाई है।



जानकारी के अनुसार दिनांक 11/08/2021 को थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक विवेक पाटले को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद रंग के अपाचे मोटर सायकल पर प्लास्टिक बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री के लिये ला रहा है, जिस पर थाना प्रभारी हमराह स्टाफ के साथ कंचनपुर बेरियर के पास नाकेबंदी कर संदेही युवक का आने का इंतजार किये। नाकाबंदी के दौरान दोपहर करीबन 15/00 बजे रूचिदा उडिसा की ओर से कंचनपुर बेरियर के पास एक सफेद रंग के मोटर सायकल अपाचे क्रमांक-ओडी 15 के 5642 में एक व्यक्ति सवार होकर तेज रफ्तार से आते दिखाई दिया जिसके पास मोटर सायकल के पीछे में एक प्लास्टिक बोरा था। मोटर सायकल चालक को घेराबंदी कर रोके, पुछताछ करने पर युवक अपना नाम गणेसर बगरती पिता पूर्णचंद बगरती उम्र 23 वर्ष सा. ठेंगानाल थाना डोंगरीपाली जिला सोनपुर उडिसा का होना बताया तथा अनिल त्रिपाठी ग्राम ठेंगानाल थाना डोंगरीपाली जिला सोनपुर उडिसा के पास से मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु लेकर आना बताया। तलाशी पर युवक के पास से 10 पैकेट गांजा प्रत्येक पैकेट में 01-01 किलो ग्राम का कुल वजन 10 किलो ग्राम किमती 50,000 रुपए एक रेडमी 8 मोबाईल (कीमती 7,000 रुपए) पाया गया, जिसे उसके नई अपाचे बाइक (कीमती 1,20,000 रुपए) के साथ जप्ती की गई है।

## खलबोरा गाँव में हर हाथ सीखेगा हुनर, हर परिवार को मिलेगा रोजगार

» कलेक्टर सिंह की पहल पर गरीबी मुक्त गांव की अवधारणा के साथ तैयार की गयी है विशेष कार्ययोजना

» कलेक्टर भीम सिंह ने सभी विभाग के अधिकारियों के साथ धरमजयगढ़ विकासखंड के खलबोरा गांव पहुँच कर लगायी चौपाल





**रायगढ़।** ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवनस्तर को ऊँचा उठाने में उन्हें आजीविका मूलक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इसमें शासन की विभिन्न योजनाओं से ग्रामीण परिवेश के अनुकूल रोजगार के अवसर तैयार किये जा रहे हैं। इसी दिशा में कलेक्टर भीम सिंह ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। जिसके तहत जिले के सुदूर धरमजयगढ़ विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम खलबोरा में गरीबी मुक्त गांव की अवधारणा के साथ काम करने की कार्ययोजना बनाई गयी है। गांव के हर परिवार को उसकी जरुरत और रुचि के अनुसार आजीविका मूलक गतिविधि से जोड़ा जायेगा, साथ ही हर युवा को उसकी योग्यता व रूचि के अनुसार स्किल डेवलपमेंट के तहत रोजगार मूलक कार्यों की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसी सिलसिले में कलेक्टर भीम सिंह सभी विभाग के जिलाधिकारियों की टीम लेकर गत दिवस खलबोरा गाँव पहुंचे। जहां उन्होंने चौपाल लगाकर गांव वालों से चर्चा की और कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया।

खलबोरा धरमजयगढ़ विकासखंड में बसा एक आदिवासी बहुल गाँव है। यहां अभी 94 परिवार निवासरत हैं। जिनमें से अधिकाश बिरहोर जनजाति के हैं। कलेक्टर भीम सिंह ने कार्ययोजना को मूर्तरूप देने गाँव का सर्वे करवाया। गाँव में निवासरत लोगों के रोजगार संबंधी जानकारी के साथ यहाँ उपलब्ध सुविधाओं तथा आवश्यकताओं की जानकारी जुटाई गयी। इसके अंतर्गत हर परिवार द्वारा वर्तमान में किये जा रहे कार्य व उनके अतिरिक्त आय के लिए उनकी रूचि अनुसार रोजगार मूलक कार्यों का चिन्हांकन किया गया। जिसके आधार पर प्रत्येक परिवार के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर भीम सिंह ने सभी अधिकारियों के साथ गाँव वालों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने गाँव वालों से चर्चा कर पूरी कार्ययोजना के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने सर्वे के आधार पर लोगों द्वारा विभिन्न कार्यों के लिए दिखायी रूचि के अनुसार काम चिन्हांकित किये गए। जिसमें गाँव वालों ने मछली पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, सुकर पालन, बाड़ी विकास, कोसा धागा निर्माण, मशरूम उत्पादन कार्य करने के साथ युवक-युवतियों द्वारा मोबाइल रिपेयरिंग, राजमिस्त्री, इलेक्ट्रिशियन, मोटर मैकेनिक, नल फिटींग, कम्प्यूटर ऑपरेटिंग, सिलाई, ब्यूटी पार्लर जैसे कार्य के लिए ट्रेनिंग लेने की बात कही।

## वाश कार्यक्रम अंतर्गत 26 स्कूलों के प्रधान पाठकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**रायगढ़ ।** वाश कार्यक्रम अंतर्गत चिन्हांकित 26 स्कूलों के प्रधान पाठकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी भवन रायगढ़ में आयोजित हुआ। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में वाश प्रोजेक्ट की जिला प्रमुख कुमारी पायल सिन्हा ने प्रशिक्षण के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए कहा कि चिन्हांकित स्कूलों का चयन स्वस्थ विद्यालय पुरस्कार के अंतर्गत 5 बिंदु की पूर्ण नहीं करने के कारण से हुआ है। इन विद्यालयों में स्वच्छता परिसर यथा शालेय परिसर, हाथ धोने के स्थान एवं शौचालय की गुणवत्ता सुधारने हेतु आगामी दिवसों में कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाएगा। बीआरसीसी मनोज अग्रवाल द्वारा स्वच्छता परिसर के विकास, स्वच्छता परिसर का निर्माण किस प्रकार से किया जाए एवं उसकी देख रहे किस प्रकार से की जाए के बारे में बताया तथा उपस्थित शिक्षकों के द्वारा आगामी छह माह की कार्य योजना निर्माण के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि 2016 में स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार अंतर्गत समस्त शालाओं के स्टार रेटिंग की गई थी। जिन शालाओं में कम स्टार प्राप्त हुए थे, उन शालाओं को वर्तमान में वाश प्रोजेक्ट के तहत यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



## जेएसपीएल प्लांट अंदर फेब्रीकेशन हेल्फर की मौत के मामले में कारखाना प्रबंधन सहित 6 लोगों पर दर्ज अपराध

**रायगढ़।** थाना कोतरारोड़ के मर्ग क्रमांक 40/21 धारा 174 जा.फौ. के तपन घोष पिता गोपालचंद्र घोष उम्र 51 साल साकिन आाजाद चौक किरोडीमलनगर की मृत्यु की जांच पर पाया गया कि मृतक तपन घोष बोलटेक इंजीनियरिंग वर्क्स कंपनी के ठेकेदार सुचिंद्रा बाबू सुकुमारन के अंडर में जेएसपीएल कंपनी पतरापाली के एसएमएस 2 के बगल में कालम मोडिफिकेशन में हेल्फर का काम करता था। ठेकेदार ने एसएमस 2 में इस्टेक्कर का रिपेंरिंग करने का ठेका लिया हुआ था जो अपने मजदूर रामा अवतार, अजय कुमार यादव, बबन कुमार पासवन, एमडी आजाद एवं मृतक तपन घोष से काम कराया जा रहा था जिसमें देखरेख के लिए इंचार्ज (सुपरवाईजर) वाईवीएम सत्यनारायणको लगाया था। जेएसपीएल कंपनी के ईवीपी कार्यपालिक उप अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, डीजेएम अनुराग सक्सेना, मैनेजर निशांत गुप्ता के देखरेख में कार्य किया जा रहा था कि दिनांक 03.05.2021 के करीब 03.30 बजे ठेकेदार के मजदूर द्वारा लोहे का एंकल गैस कटर से कटिंग किया जा रहा था जो कालम बिम फस गया था उसे स्र्ष्ठ आजाद द्वारा हिलाने पर कार्य कर रहे तपन घोष के सिर में लोहा गिरा। आहत को जिंदल अस्पताल में ईलाज के लिये भर्ती किया गया था, जिसे दिनांक 25.05.2021 को नारायणा अस्पताल देवेंद्रनगर रायपुर रिफर किया गया। जहां ईलाज के दौरान दिनांक 31.05.2021 को तपन फौत हो गया।

मर्ग जांच पर जेएसपीएल कंपनी के ईवीपी सतेंद्र सिंह, डीजेएम अनुराग सक्सेना, मैनेजर निशांत गुप्ता, ठेकेदार सुचिंद्रा बाबू सुकुमारन, इंचार्ज (सुपरवाईजर) वाई व्ही एम सत्यनारायण एवं कारखाना प्रबंधन के द्वारा कर्मचारी को बिना हेलमेट पहनाये, सुरक्षा का उपाय किये बिना लापरवाही पूर्वक काम करवाने से ऊपर से लोहे का एंकल कर्मचारी के सिर में गिरने से दुर्घटना घटित हुई है। उपरोक्त व्यक्तियों के विरूद्ध अप.क्र. 246/2021धारा 287, 304-ए, 34 ताहि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## समावेशी शिक्षा अंतर्गत फिजियो थेरेपी एवं स्पीच थेरेपी से मिल रहा दिव्यांग बच्चों को नया जीवन

» सीख रहे अधिगम के नए आयाम

» डॉ.खुशबू साहू और स्पीच थेरेपिस्ट प्रतिभा गवेल के प्रयासों से दिव्यांग बच्चों को मिल रहा नया आत्मविश्वास



**रायगढ़ ।** दिव्यांगों के सामने कई बार जटिल सामाजिक चुनौतियां आती है। ऐसे में दिव्यांग बच्चों का सामाजिक रूप से स्वावलंबी होना नितांत आवश्यक है। दिव्यांग बच्चे शारीरिक या मानसिक निःशक्तता के कारण समाज की मुख्यधारा के साथ कदमताल करने में खुद को कमजोर महसूस करते हैं। किसी प्राकृतिक या अनुवांशिक कारण, असंतुलन, असाध्य बीमारी, दुर्घटना व शारीरिक मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को सामान्य जीवन निर्वहन में तथा शिक्षा प्राप्त करने में कदम-कदम पर कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जबकि ये लोग सामान्य बच्चों की तरह ही बहुमूल्य मानवीय संपदा है। दिव्यांग बच्चों को समावेशी गुणात्मक शिक्षा देने के रास्ते में बेशक चुनौतियां हों, लेकिन शासन की दिव्यांग बच्चों हेतु समावेशी शिक्षा अंतर्गत राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायगढ़ समग्र शिक्षा में नियुक्त डॉ.खुशबू साहू (एम पी टी आर्थो) और स्पीच थैरेपिस्ट प्रतिभा गवेल द्वारा दिव्यांग बच्चों को दी गई फिजियोथैरेपी और स्पीच थेरेपी ने दिव्यांग बच्चों को एक नया जीवन तथा उनके मन में एक ऐसा नया आत्मविश्वास दिया है, जिससे वे शिक्षा के विशिष्ट अधिगम के नए आयामों को सीखने के काबिल बन रहे हैं।

एमपीटी आर्थो डॉक्टर खुशबू साहू ने 23 जून से 31 जुलाई 2021 तक फिजियोथैरेपिस्ट के रूप में राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायगढ़ समग्र शिक्षा के तहत समावेशी शिक्षा अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखण्डों में फिजियोथेरेपी दी। इन्होंने रायगढ़ ब्लॉक में 24, तमनार के 05, घरघोड़ा के 02, बरमकेला के 01, सारंगढ़ के 05, खरसिया के 02 और धरमजयगढ़ के 05 दिव्यांग बच्चों सहित कुल 44 ऐसे दिव्यांग बच्चों को फिजियोथेरेपी दी, जो सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म, कंजेटियल डिफॉरमेटी जैसे कंजेटियल डिसलैक्सेशन ऑफ हिब, क्लब फुट, इक्वीनस फुट, स्पाइन, डिफॉरमेटिस जैसे स्कोलियोसिस कायफॉसिस, मस्कुलर डायस्ट्रोफाइस, मेंटल रिटारडेशन विद लोको मोटर डिसेबिलिटी मल्टीपल डिसेबिलिटिस जैसी विकलांगता से ग्रसित थे, उन्हें फिजियो थेरेपी देकर उन्हें एक नया जीवन और आत्मविश्वास दिया है। इस दौरान फिजियोथैरेपिस्ट डॉ.खुशबू साहू ने दिव्यांग बच्चों के पालकों की भी काउंसलिंग कर उनके बच्चों की विकलांगता और बीमारी की स्थिति, भविष्य में सुधार व प्रगति तथा बच्चों के लिए डेली होम एक्सरसाइज सहित उन्हें क्या करना है और क्या नहीं, इस बारे में विस्तार से समझाया। इसके साथ ही दिव्यांग बच्चों के डाइट, पोषण एवं उनकी हाइजीन के बारे में भी विस्तार से बच्चों एवं उनके पालकों को समझाया।

वाणी एवं भाषा रोग विशेषज्ञ स्पीच थैरेपिस्ट प्रतिभा गवेल ने दिनांक 23 जून से 31 जुलाई 2021 तक जिले के विभिन्न ब्लॉकों में स्पीच थेरेपी देते हुए रायगढ़ ब्लॉक में 21, तमनार 6, घरघोड़ा 01, बरमकेला 01, सारंगढ़ 06, खरसिया 03 एवं धरमजयगढ़ में 07 दिव्यांग बच्चों सहित कुल 45 बच्चे जो श्रवण बाधित, मानसिक मंदता, मानसिक पक्षाघात, अपने उम्र से कम बोलने वाले बच्चे, तुतलाना, हकलाना, ऑटिज्म, आवाज का मोटा या पतला होना, डाउन सिंड्रोम जैसे व्याधि एवं विकलांगता से ग्रसित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480